विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/पीएच.डी.पंजी./2024/ 81

दिनांक : 23/07/24

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2024
-:: संशोधित सूचना ::-

विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन के विज्ञापन क्रमांक/अकादमिक/पीएच.डी.पंजी/2024/1320,दिनांक 28.05.2024 के अंतर्गत पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा -2024 दिनांक 18.07.2024, को सम्पन्न हुई। उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र की प्रावाधिक उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर परीक्षा के बाद प्रकाशित की जा रही है। इसके अंतर्गत यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न प्रत्र की उत्तर कुंजी अथवा इनके प्रश्न/उत्तर से संबंधित आपत्ति हो, तो परीक्षार्थी अपनी आपत्ति प्रमाणित संदर्भो के साथ ऑनलाईन लिंक पर निर्धारित शुल्क रू. 250/- के साथ वेबसाईट www.mponline.Gov.in पर लिंक उपलब्ध होने के दिनांक से 03 दिवस के अंदर अभ्यर्थी ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करें। 03 दिवस की समयावधि के पश्चात् उक्त परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों से आपत्तियों के अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाऐंगे। ऑनलाईन लिंक पर भी आपत्ति दर्ज करना अनिवार्य है, अन्य किसी भी रूप में की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

<u>आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी</u> :-

01. परीक्षार्थी संबंधित पश्न के संबंध में प्रमाण सहित निर्धारित शुल्क रू. 250/- प्रति प्रश्न के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे।
02. विषय विशेषज्ञ समिति सभी प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर निर्णय लेंगे :-
    - (1) प्रश्न के उत्तर विकल्प में से एक से अधिक उत्तर विकल्प सही है तो सभी सही उत्तर विकल्पों को मान्य करेंगे।
    - (2) प्रश्न के उत्तर विकल्पों में से एक भी सही उत्तर नहीं है तो ऐसे पश्न को विलोपित (डिलीट) करेंगे।
    - (3) यदि प्रश्न ही त्रुटीपूर्ण है तब प्रश्न को विलोपित (डिलीट) किया जाऐगा।
    - (4) प्रश्नपत्रों में आपत्ति निवारण के पश्चात विषय विशेषज्ञ समिति जिन प्रश्नों को विलोपित (डिलीट) करने की अनुशंसा करेगी उन प्रश्नपत्रों के प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक (एक) का बोनस अंक समस्त संबंधित विषय के परीक्षार्थियों को प्रदान किया जावेगा।
03. विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त समस्त आपत्तियों पर विचारोपरांत अंतिम उत्तर कुंजी जारी की जाएगी। इस अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परीक्षा का मुल्यांकन कार्य किया जाऐगा। अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित होने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
04. विस्तृत जानकारी के लिये Process Flow for Objection Calling की लिंक पर जावें।

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक